आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 07.08.2025 समय : 18.30 पीएम

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–सरकार किसानों की आय बढ़ाने और खेती पर लागत कम करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।
- उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग ने अधिसूचना जारी की–21 अगस्त तक नामांकन दाखिल किए जा सकेंगे।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ''हर घर तिरंगा'' अभियान को देश के प्रति लगाव बढ़ाने के लिए जरूरी बताया।
- प्रदेश में इस मॉनसून सीज़न में सामान्य से 69 प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज हुई।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने और खेती पर लागत कम करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। आज नई दिल्ली में एम.एस. स्वामीनाथन शताब्दी अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि देश की प्रगति का आधार किसानों की शक्ति है। उन्होंने कहा कि डॉक्टर स्वामीनाथन ने भारत को खाद्य उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के आंदोलन का नेतृत्व किया और जैव विविधता से आगे बढ़कर जैव–खुशी की दूरदर्शी अवधारणा दी। श्री मोदी ने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि ने प्रत्यक्ष वित्तीय सहायता के माध्यम से छोटे किसानों को सशक्त बनाया है। वहीं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से किसानों को खेती से जुड़े जोखिमों से सुरक्षा मिली है।

000

11वां राष्ट्रीय हथकरघा दिवस आज मनाया जा रहा है। भारत की समृद्ध हथकरघा विरासत को संरक्षित करने के लिए ये दिन मनाया जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि यह दिन भारत की समृद्ध बुनाई परंपराओं का उत्सव मनाने का है, जो नागरिकों की रचनात्मकता को प्रदर्शित करती हैं। राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर वस्त्र मंत्रालय की ओर से नई दिल्ली के भारत मंडपम में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने हथकरघा उत्पादों को विश्व स्तर पर लोकप्रिय बनाने का आह्वान किया। श्री सिंह ने कहा कि वर्तमान में दुनियाभर में गुणवत्तापूर्ण वस्त्रों की मांग है और भारतीय हथकरघा उद्योग इस आवश्यकता को पूरा कर रहा है।

000

केन्द्रीय मंत्री ने संत कबीर हथकरघा पुरस्कार और राष्ट्रीय हथकरघा पुरस्कार भी प्रदान किए। इधर, राज्य में भी हथकरघा दिवस पर विभिन्न आयोजन हुए। जयपुर के इंदिरा गांधी पंचायत भवन में बुनकर सेवा केन्द्र की ओर से कार्यक्रम रखा गया। इसमें बुनकरों और हथकरघा क्षेत्र से जुड़े अन्य लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर हस्तनिर्मित कपड़ों का फैशन शो भी हुआ। सवाईमाधोपुर में भी हथकरघा दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर केन्द्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय प्रचार कार्यालय की ओर से युवाओं को केन्द्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। पाली जिले के बरकाणा में भी ब्यूरो की ओर से जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

000

उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए आज निर्वाचन आयोग ने अधिसूचना जारी कर दी है। इसके साथ ही नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस चुनाव के लिए नामांकन इस महीने की 21 तारीख तक दाखिल किए जा सकते हैं। 22 अगस्त को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। 25 अगस्त तक नाम वापस लिये जा सकेंगे। 9 सितम्बर को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। मतदान में राज्यसभा और लोकसभा के निर्वाचित सदस्य हिस्सा लेंगे।

000

पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा है कि राज्य के पश्चिमी जिलों में पेयजल समस्या का जल्द समाधान किया जाएगा। इसके लिए माही बांध को जवाई बांध से जोड़ने की परियोजना को धरातल पर उतारा जाएगा। इसकी घोषणा राज्य के बजट में की गई थी।
श्री कुमावत ने जयपुर में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि इससे पाली, जालौर, सिरोही और बाड़मेर के लोगों को फायदा पहुंचेगा।

...............

000

प्रदेश में हर घर तिरंगा अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को जागरुक किया जा रहा है। जयपुर स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में हर घर तिरंगा अभियान और विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के संबंध में कार्यशाला

आयोजित की गई। इसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि तिरंगा यात्रा का उद्देश्य युवा पीढ़ी को स्वतंत्रता सेनानियों का बलिदान याद कराना है। उन्होंने कहा कि देश के प्रति लगाव बढ़ाने के लिए हर घर तिरंगा अभियान जरूरी है।

000

बाड़मेर के डिंडावा और सलूम्बर के सराड़ा स्थित सरकारी स्कूलों में छात्राओं ने तिरंगा रंगोली बनाकर देश प्रेम का संदेश दिया। भीलवाड़ा में जिला कलेक्टर ने अधिकारियों का अभियान के सफल संचालन के निर्देश दिये। साथ ही अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा।

वहीं, युवा मामले और खेल मंत्रालय की ओर से लोगों में राष्ट्रीय ध्वज के बारे जागरुकता बढ़ाने के लिए ऑनलाइन क्विज़ प्रतियोगिता शुरू की है। यह प्रतियोगिता, मेरा युवा भारत पहल के तहत आयोजित की जा रही है। इच्छुक लोग, माय भारत पोर्टल पर इस क्विज़ में भाग ले सकते हैं। सभी प्रतिभागियों को एक ई–प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा। 25 शीर्ष विजेताओं को सियाचिन यात्रा पर ले जाया जाएगा।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि समाज को सही दिशा देने और देश–प्रदेश को मजबूत करने में महिलाओं की अहम भूमिका है। श्री शर्मा आज जयपुर में अपने आवास पर 'मुख्यमंत्री संग रक्षाबंधन–मीडिया की बहनों का सम्मान' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आधी आबादी की सुरक्षा और सशक्तीकरण के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र का चौथा स्तंभ मीडिया, सरकार और जनता के बीच सेतु काम करता है। इस अवसर पर महिला पत्रकारों ने मुख्यमंत्री को राखी बांधी।

000

राज्य सरकार ने 44 नये प्राइमरी स्कूल खोलने की मंजूरी दे दी है। इन स्कूलों का सत्र 2025–26 से शुरू माना जाएगा। शिक्षा विभाग ने अपने आरक्षित शिक्षकों में से 2–2 शिक्षकों को नये स्कूलों में भेजने का भी निर्णय लिया है। इन स्कूलों के लिए भवन बनने तक इन्हें वैकल्पिक भवनों में चलाया जाएगा।

000

राज्य में इस मॉनसून सीजन में अब तक सामान्य से 69 प्रतिशत अधिक बारिश हुई है। प्रदेश में बारिश का सामान्य औसत 255 दशमलव 8 मिलीमीटर है, पर अब तक 433 दशमलव 2 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है। इस बीच, प्रदेश में हालांकि बारिश का दौर मंद पड़ गया है, लेकिन मौसम विभाग ने कल से उत्तर पूर्वी हिस्सों में कहीं–कहीं बरसात की संभावना जताई है। 9 से 12 अगस्त के दौरान भरतपुर, कोटा, उदयपुर, अजमेर और जयपुर संभाग के कुछ इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश होने के आसार हैं।

000

अति पिछड़ा वर्ग और गुर्जर समाज की विभिन्न मांगों पर चर्चा के लिए आज जयपुर में मंत्रियों की उच्च स्तरीय समिति की तीसरी बैठक आयोजित की गयी। शासन सचिवालय में हुई बैठक में गुर्जर आरक्षण समिति द्वारा सुझाए गए विभिन्न बिदुओं पर चर्चा के बाद कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। गुर्जर आरक्षण आंदोलन से संबंधित मुकदमों के जल्द निस्तारण के लिए उच्चाधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी। शिक्षा और अन्य विभागों में एमबीसी कार्मिकों के नियमितीकरण और पदोन्नति सहित विभिन्न लंबित मामलों का निस्तारण भी किया जाएगा। बैठक में संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, सामाजिक न्याय, अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत और गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम ने भाग लिया।

000

जयपुर में आज दस पाक विस्थापितों को नागरिकता प्रमाण पत्र दिये गये। संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल ने ये प्रमाण पत्र सौंपे। इस अवसर पर श्री पटेल ने कहा कि नागरिकता का प्रमाण मिलने के बाद इन लोगों को पहचान मिली है। साथ ही अब ये लोग सरकारी योजनाओं का लाभ भी ले सकेंगे। वहीं, नागरिकता प्रमाण पत्र मिलने पर पाक विस्थापितों ने खुशी जाहिर करते हुए राज्य सरकार का आभार जताया। गौरतलब है कि जयपुर जिला प्रशासन की ओर से अब तक 340 पाक विस्थापितों को नागरिकता प्रमाण पत्र दिये जा चुके हैं।

000

चित्तौड़गढ़ सैनिक स्कूल का 65वाँ स्थापना दिवस समारोह आज मनाया गया। इस दौरान संस्थापक लेफ्टिनेंट कर्नल के.शंकर मेनन की प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस अवसर पर छात्रों ने आर्ट एण्ड क्राफ्ट तथा विज्ञान प्रदर्शनी लगाई। इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गये। शैक्षणिक वर्ष 2024–25 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

000

प्रसिद्ध गोगामेड़ी मेला 9 अगस्त से शुरू हो रहा है। हनुमानगढ़ स्थित गोगाजी मंदिर में ध्वजारोहण के साथ इसका शुभारंभ होगा। एक महीने तक चलने वाला ये मेला 8 सितम्बर को सम्पन्न होगा। उत्तर भारत के सबसे बड़े धार्मिक मेलों में शुमार इस मेले में लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। जिला प्रशासन और देवस्थान विभाग ने आगंतुकों की सुविधा और सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए हैं।

000